हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 27 मई 2025

तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 21.8 डिग्री

11 भगवान परशुराम जयंती पर 30 मई को ...



12 बेटे की याद में पिता ने बनवाया सरकारी ...



## शहर में आज

- ⏭ अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- ⏭ नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए चलाएगी कैंप।
- ⏭ रोडवेज डिपो में कर्मचारी यूनियन की मीटिंग।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू ने घोषित किया परीक्षा परिणाम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने बीबीए चार वर्षीय के प्रथम सेमेस्टर फुल की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।



### चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। एवीटी स्टाफ प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि दहकोरा निवासी मनीष की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 25 नवंबर 2023 को गांव लाहली में लगे टावर से एक बैट्री बैंक व गांव गिरनावठी में लगे टावर से दो बैट्री बैंक चोरी हुए मिले। जांच के दौरान 25 मई को आरोपी राधे श्याम निवासी फतेहचंद कॉलोनी, हिसार को गिरफ्तार किया गया है।

### भैणीचंद्रपाल के खेतों से किसान की बाइक चोरी

**महम।** भैणीचंद्रपाल गांव में एक व्यक्ति बाइक लेकर अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। उसका रिश्तेदार उसकी बाइक लेकर खेत में चला गया। इस दौरान किसी ने उस बाइक को चोरी कर लिया। पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में भैणीचंद्रपाल गांव निवासी राजकुमार पुत्र बलवंत ने बताया कि उसका रिश्तेदार महेंद्र सिंह पुत्र लाल चंद उसके घर आया हुआ था। उसकी मोटर साइकिल लेकर वह सैमाण रोड पर अपने खेत में चला गया। वहां उसे खड़ी करके खेत में काम करने लगा। जब वापस आकर देखा तो उसे बाइक वहां पर नहीं मिली। उसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। चोरी हुई बाइक को ढूंढा जाए और बाइक चुराने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### पाल एप्लीकेशन के उपयोगता के दिशा-निर्देश

**रोहतक।** टैबलेट के माध्यम से अधिगम में तकनीक का समावेश, इंटरनेट की सुविधा के अनुसार उपयोग की सलाह शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पाल (पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग) एप्लीकेशन के उपयोग को लेकर शिक्षा विभाग ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अधिगम को तकनीक से जोड़ने की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है। जैसा कि पूर्व में विद्यार्थियों को पुस्तकालय की तर्ज पर टैबलेट वितरित किए गए थे, उसी के तहत इस सत्र में भी विद्यार्थी अपने टैबलेट का उपयोग पाल एप्लीकेशन के माध्यम से करेंगे। विद्यार्थी पाल का उपयोग घर पर उपलब्ध निजी इंटरनेट के माध्यम से करें। जिन विद्यालयों में ब्रॉडबैंड सुविधा उपलब्ध है, वहां विद्यार्थी अध्यापक की निगरानी में एप्लीकेशन का उपयोग कर सकते हैं। विद्यालय प्रमुखों को निर्देशों का अनुपालन का निर्देश दें।

**वारदात से हड़कंप:** धमकी दी, ठेका लेने के लिए फॉर्म भरा तो मारेंगे गोलियां

# भालौठ में बदमाशों ने ठेके पर 13 राउंड की फायरिंग, इंस्टाग्राम पर डाला वीडियो

- पुलिस वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही
- पुलिस ने शराब ठेकों पर सुरक्षा बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सोनीपत रोड स्थित गांव भालौठ में देर रात कुछ बदमाशों ने बंद शराब के ठेके पर फायरिंग कर दी। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। बदमाशों ने ठेके पर करीब 13 राउंड फायर किए हैं। इसके दौरान बदमाशों ने फायरिंग की एक वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट की। वीडियो में एक बदमाश ने अपना नाम भी बताया है। वीडियो के साथ धमकी देते हुए लिखा कि यहां किसी ने ठेका लेने के लिए फॉर्म भरा तो इतनी गोलियां मारेंगे कि समझ नहीं आएगा। वहीं, कुछ दिन पहले महम में नए बस स्टैंड के बाहर शराब के ठेके पर भी फायरिंग की गई थी। ठेके पर एक पर्चा भी चस्पा किया गया था। इसमें लिखा था कि ठेके के लिए कोई आवेदन न करें। यदि आवेदन किया गया तो अच्छा नहीं होगा। आईएमटी थाना पुलिस ने ठेके संचालक की शिकायत पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा है।

### ये है मामला

आईएमटी थाना पुलिस को दी शिकायत में रोहित ने बताया कि सुबह दस बजे करीब वह ठेके पर पहुंचा। उसे ठेके के गेट पर गोलियों के निशान मिले। उसने तुरंत आईएमटी थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। ठेके पर 13 राउंड फायर करने के निशान मिले। पुलिस को वहां से गोलियां के कुछ खोल भी मिले। जांच करने के बाद पुलिस टीम लौट गई। पुलिस उसे सुरक्षा का आश्वासन भी देकर गई है।





**रोहतक।** शराब ठेके पर फायरिंग की सीसीटीवी। फोटो: हरिभूमि

### फायर के बाद तीनों युवक फरार

ठेके के मालिक रोहित ने बताया कि रविवार रात वह ठेके पर मौजूद था। रात 10 बजे करीब 3 युवक कार से वहां पहुंचे। तीनों शराब के नशे में थे। तीनों ने पहले उसका नाम पूछा और फिर उसे दोबारा इस ठेके के लिए आवेदन फॉर्म न भरने की धमकी दी। फॉर्म भरने पर गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद युवक तुरंत ही वहां से चले गए। रोहित के मुताबिक उसने इसे युवकों का मजाक समझा। इसके बाद वह रात 12 बजे ठेके को बंद करके घर चला गया।

### शराब के नशे में थे आरोपी

रोहित ने बताया कि वह ठेका खोल चुका था कि करीब 10 बजे उसे इंस्टाग्राम पर ठेके पर फायरिंग करने का वीडियो दिखाई दिया। यह वीडियो देखकर वह हैरत में पड़ गया, जो युवक रात में उसे धमकी देकर गए थे, वे ही उसके ठेके पर फायरिंग करते और गालियां देते हुए नजर आ रहे है। शराब के नशे में तीनों युवक काफी देर तक ठेके के सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं।

### वीडियो में तीनों ने दी गंदी-गंदी गालियां

वीडियो में तीनों बदमाशों में से एक ने अपना नाम रवि रोतेलिया, दहकोरा जाट बताया, जबकि दोनों अन्य बदमाशों ने नाम नहीं बताए। उन्होंने कहा कि भालौठ वाली बेल्ट में ठेका लेने वाले को जान से मार देंगे। वीडियो में तीनों गंदी गंदी गालियां दे रहे हैं। इसके बाद आरोपी वहां से कार में बैठकर फरार हो गए।

### की जा रही जांच

इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट की गई है, जिसमें 3 आरोपी नजर आ रहे हैं, जो एक ठेके पर फायरिंग कर रहे हैं। वीडियो की जांच करवाई जा रही है। जिस इंस्टाग्राम आईडी से यह वीडियो डाली गई है, उसकी भी जांच की रही है। जल्द ही आरोपियों को काबू कर पूछताछ की जाएगी। **-महेश कुमार,** थाना प्रभारी, आईएमटी

### विकास बहलौत की आईडी से डाली वीडियो

यह वीडियो विकास बहलौत नाम की आईडी पर डाली गई है। आईडी पर नाम विकास फोगाट उर्फ विकास बहलौत लिखा है, खुद को ब्लॉगर बताया है, जिसमें लिखा है-सियासत अगर जंग चाहती है, तो जंग ही होगी। इसके अलावा 71 पोस्ट इस आईडी से की गई हैं, जिसमें पुलिस हिरासत वाली वीडियो भी है।

### टेंडर होने वाले

जिले में शराब ठेकों पर हो रही वारदातों के चलते शराब ठेकों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आगामी कुछ दिनों में ठेकों के टेंडर अलॉट होने हैं। टेंडर से पहले अक्सर अपराधी ठेकेदारों को नया टेंडर न लेने के लिए धमकी देते रहते हैं। इन हालात को देखते हुए सभी ठेकों पर पुलिस गश्त कर रही है और राइडर पीसीआर ठेकों पर तैनात की गई हैं।

विधि विभागाध्यक्ष प्रो. जितेंद्र ढुल ने दी जानकारी

## एमडीयू: 5 वर्षीय एलएलबी कोर्स करने के लिए 2 तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



प्रो. जितेंद्र सिंह ढुल

12वीं क्लास उत्तीर्ण करने के बाद छात्र महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से बीए एलएलबी (पांच वर्षीय एकीकृत विधि पाठ्यक्रम) कर सकते हैं। विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो जितेंद्र सिंह ढुल ने बताया कि यह पाठ्यक्रम छात्रों को कला और विधि की समग्र समझ प्रदान करता है, जिससे वे न केवल एक वकील बन सकते हैं, बल्कि समाज में न्याय, मानवाधिकार, नीति-निर्माण और प्रशासन के क्षेत्रों में भी सक्रिय योगदान दे सकते हैं। डॉ.ढुल ने कहा कि पाठ्यक्रम छात्रों को कम उम्र में ही कानून के क्षेत्र में स्थापित होने का अवसर देता है। जिससे वे लंबे समय तक इस पेशे में सफलतापूर्वक कार्य कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में एमडीयू में 120 सीटें तथा एमडीयू-सीपीएएस गुरुग्राम में 240 सीटें उपलब्ध हैं। एडमिशन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। एडमिशन के इच्छुक विद्यार्थी 2 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पात्रता समेत विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्टस से प्राप्त की जा सकती है।

गांव मदीना में धोखाधड़ी

## युवक ने ताई की जमीन अपने नाम करवाई

- ताई के बैंक खाते से लिंक करवाया अपना मोबाइल नंबर
- देवर के बेटे ने महिला के अनपढ़ होने का फायदा उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

मदीना कोरसान गांव की एक महिला ने अपने देवर के बेटे पर धोखाधड़ी करके उसकी जमीन अपने नाम करवाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि वह उस पर भरोसा करती थी, जिस वजह से उसने इस काम को अंजाम दिया है। साथ ही महिला का कहना है कि उसे जब पता चला जब उसके परिवार का एक व्यक्ति पटवारी से जमीन की फरीद लेकर आया। वह बैंक में गई तो उससे बैंक कर्मचारियों ने पूछा कि उसने जमीन बेची है, क्या? क्योंकि उनके बैंक खाते से लाखों रुपए का लेन देन हुआ है। जांच करने के बाद पता चला कि उसके देवर के बेटे ने अपनी ताई के बैंक खाते से अपना मोबाइल नंबर जुड़वा रखा था। महिला का कहना है कि युवक ने उसके अनपढ़ होने का फायदा उठाया है। इस संबंध में महिला ने एसपी रोहतक को एक शिकायत दी थी। महिला की शिकायत के आधार पर युवक के खिलाफ महम थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में मदीना कोरसान गांव निवासी बाला देवी विधवा कृष्ण कुमार ने बताया कि वह अनपढ़ घरेलू औरत है।





**रोहतक।** चयनित एनसीसी कैडेट्स के साथ बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल कृष्ण कुमार (सेना मेडल) एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनवीर सिंह धनखड़ व प्राचार्य प्रवीण कुमार बंसल। फोटो: हरिभूमि

## 50 विद्यार्थियों को एनसीसी कैडेट्स के रूप में चयनित किया गया

- चयन प्रक्रिया में कुल 70 छात्रों एवं 20 छात्राओं ने भाग लिया

**रोहतक।** वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो वर्षीय एनसीसी (जूनियर डिवीजन) कोर्स हेतु छात्र-छात्राओं का चयन फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन, रोहतक के तत्वावधान में किया गया। चयन प्रक्रिया का नेतृत्व बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल कृष्ण कुमार (सेना मेडल) एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनवीर सिंह धनखड़ ने किया। एनसीसी भर्ती बोर्ड की टीम में एनसीसी अफसर सतीश भारद्वाज, सूबेदार बिजेंदर, हवलदार प्रदीप कुमार शामिल रहे। चयन प्रक्रिया में कुल 70 छात्रों एवं 20 छात्राओं ने भाग लिया, जिन्हें शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण के बाद लिखित परीक्षा से गुजरना पड़ा। विभिन्न चरणों को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद 50 विद्यार्थियों को एनसीसी कैडेट्स के रूप में चयनित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार बंसल ने सभी चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र सेवा के उत्कृष्ट अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए इस अवसर का पूर्ण रूप से लाभ उठाने की प्रेरणा दी।



## बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू

**रोहतक।** विद्यालय का उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास करना ही नहीं, मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास करना भी है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सोमवार से बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग का प्रारंभ हुआ। असिस्टेंट स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर कृष्ण मलिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर ट्रेनिंग इंचार्ज कृष्ण मलिक ने कहा कि इस कैंप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्काउट और गाइड के मूल्यों, नियमों और कौशलों एवं विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्राथमिक चिकित्सा शिविर लगाना, टीम वर्क, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, सामुदायिक सेवा और समाजिक जिम्मेदारी के बारे में छात्रों को अवगत करवाया जाएगा, ऐसा मलिक ने कहा।

गांव चमारियां में अतिक्रमण हटाने नहीं पहुंची टीम, सरपंच करते रहे इंतजार

## तीन बजे के बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट पहुंचे तो पांच एकड़ से अवैध निर्माण गिराया गया



**रोहतक।** अवैध निर्माण हटाते जेसीबी।



मौके पर प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले के गांव चमारिया में अतिक्रमण हटाने के लिए सोमवार की सुबह अधिकारी नहीं पहुंच पाए। ड्यूटी मजिस्ट्रेट न मिलने की वजह से अतिक्रण हटाने के लिए अभियान नहीं चलाया जा सका। जबकि सरपंच ने पूरी तैयारी की थी। 4 जेसीबी व 2 ट्रैक्टर ट्राली मौके पर खड़ी रही और ग्रामीण अधिकारियों का दोपहर तक इंतजार करते रहे। इसके बाद तीन बजे ड्यूटी मजिस्ट्रेट गांव में पहुंचे और करीब पांच एकड़ से अवैध निर्माण को गिराया गया। जानकारी के अनुसार, विगत दिनों चमारिया में करीब 200 घरों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए सरपंच की तरफ से नोटिस दिया गया था। विगत दिनों अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासनिक टीम पहुंची थी, लेकिन उस समय कुछ जगह तोड़फोड़ करने के बाद लोगों को कुछ दिन का समय दिया गया था। सरपंच ने गलियों में पैमाइश करवाई और जहां से अतिक्रमण हटाना था, उन लोगों को नोटिस जारी किया गया। कुछ लोगों ने तो अतिक्रमण हटा लिया, लेकिन जहां अभी अतिक्रमण है, वहां कार्रवाई की जानी थी। वहीं सरपंच प्रतिनिधि स्वराज हुड्डा का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारियों को कई कई फोन किए गए लेकिन दोपहर तक ड्यूटी मजिस्ट्रेट नहीं मिला।

**दिक्कत** पीजीआई की ओर से रीजेंट की डिमांड भेजी गई

*कोविड मरीजों के लिए दस बेड रिजर्व रखे गए*

# पीजीआईएमएस में नहीं हो पाएगी कोविड जांच, मशीन को रीजेंट की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

देश भर में कई जगह कोविड के मामले सामने आ रहे हैं। इसे लेकर पीजीआईएमएस ने भी कोविड से निपटने के लिए तैयारियां शुरू की थी। लेकिन तैयारियां अभी अधूरी ही हैं। कोविड जांच के लिए यूएस एड की ओर से जीनोम सीक्वेंसिंग मशीन भेंट की गई थी। वह मशीन बिना रीजेंट के नहीं चल सकती। रीजेंट मिलने के बाद ही मशीन कोविड जांच कर सकती है। हालांकि पीजीआई प्रशासन ने रीजेंट की डिमांड भेजी हुई है।

पीजीआईएमएस में कोरोना की जांच के लिए दस बेड रिजर्व रखे गए हैं। इसके लिए अलग से चिकित्सकों की ड्यूटी तय की गई है। कुछ दिन पहले पीजीआई के निदेशक की तरफ से दावा किया गया था कि कोविड से निपटने के लिए पूरी तैयारियां की जा रही हैं। वहीं पीजीआई कोविड के सैंपल लेने के लिए तैयारी कर रहा है लेकिन अभी कोविड की रिपोर्ट का मरीजों का इंतजार ही करना पड़ेगा। पीजीआई की लैब में रखी गई मशीन में रीजेंट नहीं होने की वजह से रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकती।





### 2023 में बंद की गई थी जांच

सूत्रों का कहना है कि पीजीआई की लैब में 2023 में कोरोना की जांच बंद हो गई थी। कोरोना के केस खत्म होने के बाद जो रीजेंट बचे हुए थे, वह एक्सपायर हो गए। दूसरी डिमांड इसलिए नहीं की गई क्योंकि कोरोना का कोई केस रोहतक में नहीं आ रहा था। अब अचानक से केस मिल रहे हैं तो इसकी डिमांड की जा रही है।

### बैंगलुरु से मंगवाना पड़ेगा रीजेंट

पीजीआई में कोविड टेस्ट के लिए जिनोम सीक्वेंसिंग मशीन के लिए रीजेंट बैंगलोर की कंपनी से खरीदा जाता है। पिछले दो साल से कोई केस सामने नहीं आया तो रीजेंट खरीदने की जरूरत नहीं पड़ी। अब रीजेंट की डिमांड भेजी जा रही है।

*लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर आयोजित*

## शिविर में प्राप्त होने वाली हर शिकायत का यथाशीघ्र निपटारा हो सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



**रोहतक।** शिविर में समस्याएं सुनते नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ।

सोमवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित किए गए समाधान शिविर में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल तथा जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा ने नागरिकों की शिकायतें सुनी।

अधिकारियों ने शिकायतों की सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के निपटारे बारे दिशा-निर्देश दिए। शिविर में प्राप्त होने वाली हर शिकायत का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। ध्यान रहे कि शिविर में एक छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई कर इनका निपटारा किया जा रहा है। हर नागरिक की प्रत्येक शिकायत का निदान करना समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता तरूण गर्ग, स्वास्थ्य विभाग के जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज, भाजपा के प्रतिनिधि सतीश चौधरी सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि सहेली



बच्चों का हर समय मोबाइल गेम में लगे रहना या कुछ ना कुछ देखते रहना यानी मोबाइल एडिक्ट हो जाना, उसकी फिजिकल ही नहीं मेंटल हेल्थ के लिए भी खतरनाक है। एक तरह से मोबाइल एडिक्शन बच्चों का बचपन छीन रहा है। इसलिए बच्चों के स्मार्टफोन के ओवर यूज पर पैरेंट्स का समय रहते एलर्ट होना बहुत जरूरी है। हम दे रहे हैं आपके लिए जरूरी सलाह।

# स्मार्टफोन का ओवर यूज बच्चों के लिए अनहेल्दी

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

आजकल बच्चे स्कूली रूटीन में ही अपना काफी समय स्क्रीन पर गेम खेलने में बिताते हैं। इसलिए इन छुट्टियों में बच्चों को मिलने वाले फ्री समय के इस्तेमाल को लेकर बहुत ही सजगता की जरूरत है। हाल ही में सामने आया एक मामला हम सबको को चेताने वाला है। दिल्ली में मोबाइल पर गेम खेलने की लत के कारण एक उन्नीस साल के लड़के को रीढ़ की हड्डी की सर्जरी करवानी पड़ी। असल में बारह घंटे से ज्यादा वक्त तक अपने कमरे में अलग-थलग रहने की वजह से उसे आंशिक लकवा हो गया था। धीरे-धीरे उसकी रीढ़ की हड्डी झुक गई और उसका ब्लैडर पर कंट्रोल तक खोने लगा। पहले से चल रही स्वास्थ्य समस्याएं और तकलीफदेह हो गईं। मोबाइल गेमिंग एडिक्शन के कारण अस्पताल पहुंचने पर उसे चलने और यूरिन करने में भी मुश्किल हो रही थी। चिंतनीय है कि बच्चों में स्क्रीन पर गेम्स खेलने की लत से बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याएं अब खूब देखने को मिल रही हैं। अगर आपके परिवार में भी कोई बच्चा घंटों मोबाइल में गेम खेलता है, तो समय रहते चेत जाएं। खासतौर से इन दिनों गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को सकारात्मक और रचनात्मक ढंग से समय बिताने के लिए प्रेरित करें।

**अनजान ना बनें पैरेंट्स:** आज शहरी ही नहीं, गांवों-कस्बों में रहने वाले पैरेंट्स को भी इन गैजेट्स से होने वाली तकलीफों की जानकारी है। कमोबेश सभी जानते हैं कि इनका हद से ज्यादा इस्तेमाल नुकसानदेह है। फिर भी आजकल घर-घर में बच्चे स्मार्ट गैजेट्स के साथ घंटों खेलते हैं। कहीं ना कहीं इस अनदेखी की वजह बड़ों का स्वार्थ या दायित्वहीनता भी है। इनके पास न बच्चों से बात करने का समय है, न ही खेलने का। ऐसे में स्मार्ट गैजेट्स बच्चों को बिजी रखने का सबसे सहज तरीका लगने लगे हैं। आजकल अधिकांश बच्चों के फुर्सत के लम्हे स्क्रीन स्क्रॉल करते बीत रहे हैं। पैरेंट्स के अपने काम में खलल न पड़ने की चाह तो कुछ बच्चों की मासूम मन की ख्वाहिश या कहें पैरेंट्स ने तकनीक से मिली सहूलियत को बच्चों की जिंदगी का अहम हिस्सा बनाकर समस्या खड़ी कर ली है। सब कुछ जानते-समझते की जा रही यह अनदेखी कई मामलों में बीमारियां पैदा कर रही है। यही वजह है कि अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों में तो पैरेंट्स महंगी फीस चुका कर बच्चों को मोबाइल की लत से छुटकारा दिला रहे हैं।

**सजग होना होगा:** आंगन की चहचहाहट माने जाने वाले बच्चे स्क्रीन के दायरे तक सिमट कर व्याधियों के घेरे में आने लगें तो सचेत होना बहुत जरूरी है। इस फ्रंट पर परिजनों की भूमिका अहम हो जाती है, क्योंकि बच्चों का नासमझ मन, स्क्रीन के मन-मुताबिक चलने वाली दुनिया से बाहर नहीं आ सकता। ऑनलाइन खेल बच्चों को खूब पसंद आते हैं। ऐसे में घर के बड़ों का सचेत होना ही बच्चों को इनसे होने वाली शारीरिक-मानसिक व्याधियों से बचा सकता है। पैरेंट्स स्मार्ट गैजेट्स के उन खतरों की अनदेखी न करें, जो नई पीढ़ी की सेहत और स्वभाव दोनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। व्यवहार और विचार के नेगेटिव बदलाव से लेकर शारीरिक तकलीफों के सामने आने तक, कई बातें यह पुख्ता कर रही हैं कि इन स्मार्ट गैजेट्स के जाल में फंस जाना बच्चों के लिए बेहद नुकसानदेह साबित हो रहा है। इस मायावी दुनिया में खोए रहने से बच्चों की हेल्थ, बिहेवियर, ईटिंग हैबिट्स और सोशल लाइफ, सभी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। अफसोस कि स्मार्ट गैजेट्स की लत बच्चों में एक पूरी अस्वस्थ जीवनशैली को जन्म दे रही है।

**जीवनशैली बदलें:** भारतीय बच्चों के मामले में जेएमआईआर रिसर्च प्रोटोकॉल पत्रिका में 2024 की रिपोर्ट बताती है कि बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में नींद से जुड़ी परेशानी देखने को मिल रही है। छुट्टियों में बच्चों को सधी-स्वस्थ जीवनशैली की ओर मोड़िए। स्मार्ट गैजेट्स से दूरी के लिए जीवनशैली का बदलाव ही पहला कदम है। फुर्सत के ये दिन डिजिटल लाइफस्टाइल से दूर उनके साथ समय बिताने, आउटडोर गेम्स खेलने और सार्थक कम्युनिकेशन करने का मुफीद समय है। इसके लिए खुद पैरेंट्स भी इन गैजेट्स की जद से बाहर आएं। टेक्नोलॉजिकल रेवोल्यूशन के नाम पर जिंदगी से ही दूर होते पैरेंट्स खुद भी सचेत हों और फिर बच्चों को लती बनने से बचाएं। कम उम्र में इन गैजेट्स के साथ समय बिता रहे बच्चे परिवार और समाज से ही नहीं, खुद पैरेंट्स से भी दूर हो रहे हैं। स्क्रीन की दुनिया में खेल खेलने में गुम बच्चों की एक अलग ही दुनिया बन जाती है। बच्चे वास्तविक संसार के बजाय वर्चुअल वर्ल्ड में सहज महसूस करने लगते हैं। गैजेट्स के साथ समय बिताते हुए बच्चे शारीरिक श्रम से ही दूर नहीं होते, मानसिक रूप से भी मेहनत करना भूल जाते हैं। ऑनलाइन गेम्स खेलते हुए किसी भी परेशानी से क्विट करने की आदत हो जाती है। संघर्ष की सोच और वास्तविक जीवन की समझ से परे बनने वाला उनका व्यक्तित्व, विचार और व्यवहार के मोर्चे पर दिशाहीन हो जाता है। ऐसी स्थितियां, असल जिंदगी में हर पहलू पर तकलीफें ही पैदा करती हैं, जो बच्चे के भविष्य के लिए सही नहीं हैं।



## खिलौने नहीं हैं स्मार्ट गैजेट्स

छुट्टियों में मिलने वाले समय को बिताने के लिए स्मार्ट गैजेट्स को खिलौने ना बनाएं। पैरेंट्स बच्चों को पहले आदत, फिर आगे चलकर इसे लत की स्थिति तक न पहुंचाएं। एक बार स्मार्ट स्क्रीन में गेम्स खेलने की लत लग जाने पर बच्चे इनके बिना खुश रहना ही भूल जाते हैं। तकलीफदेह है कि अब तो दादी, नानी के घर आए बच्चे भी ऑनलाइन गेम्स में ही गुम रहते हैं। पैरेंट्स समय बिताने का माध्यम समझ कर बच्चों के हाथ में मोबाइल थमा देने से पहले इनके खतरों को गंभीरता से समझें। इनसे पैदा होने वाले जोखिमों को याद रखें। अब यह जरूरी हो गया है कि बच्चों को गैजेट्स की दुनिया में खेलने या समय बिताने भर के लिए ना धकेल दिया जाए। मोबाइल में गेम्स खेलने की आदत पड़ जाए तो बच्चों को इनसे बाहर निकालना मुश्किल हो जाता है। आदत हो जाने पर कुछ बच्चे स्मार्टफोन या आईपैड ना देने पर जिद करते हैं, गुस्सा दिखाते हैं। व्यवहारगत समस्याएं देने वाली चीजें, बच्चों के लिए खिलौने नहीं हो सकतीं।



## बच्चे हो रहे हैं हताशा- डिप्रेशन-क्रोध के शिकार

प्रतिष्ठित विज्ञान पत्रिका प्लस वन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार स्मार्टफोन, बच्चों को दोस्तों और रिश्तेदारों से दूर कर रहा है। साल 2018 से 2024 के बीच जर्मनी में हुई 'लाइफ चाइल्ड स्टडी' में दुनिया भर के बच्चों को शामिल किया गया। अध्ययन में सामने आया कि मोबाइल स्क्रीन में ज्यादा समय बिताने वाले बच्चों में हताशा, डिप्रेशन और क्रोध की चिंताजनक स्थिति देखी गई। साथ ही बच्चों में पीएसयू यानी प्रोबलेमेटिक स्मार्टफोन यूज की प्रॉब्लम स्पष्ट दिखने लगी है। इस स्थिति में स्मार्टफोन का इस्तेमाल इतना बढ़ जाता है कि यह बच्चों की नींद, पढ़ाई और पारिवारिक संबंधों पर नेगेटिव असर डालने लगता है। समझना मुश्किल नहीं कि छुट्टियां ही तो दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ने का समय होता है। ऐसे में फुर्सत के ये दिन वास्तविक संसार से जुड़कर ही बिताएं।



# नकारात्मक लोगों से बचें मजबूत होगा आत्मबल

नकारात्मक लोगों से बचने का एक ही रास्ता है, आत्मबल को मजबूत किया जाए। खुद के कामों पर ध्यान केंद्रित कर सकारात्मक लोगों के साथ रहें। इससे जीवन की राह आसान होगी और तरक्की के रास्ते खुलेंगे।

सलाह
अनीता जैन



हमारे जीवन की राह हमेशा आसान नहीं होती। जैसे-जैसे हम सफलता की ओर बढ़ते हैं, वैसे-वैसे कुछ ऐसे लोग भी हमारे आस-पास आ जाते हैं, जो हमारी तरक्की से असहज महसूस करते हैं। वे हमारे आत्मबल को तोड़ने, हमारे कार्यों को नीचा दिखाने और हमें भ्रमित करने की कोशिश करते हैं। कई बार तो ये लोग इतने करीब होते हैं कि उनकी कही बातें हमे सच्ची लगने लगती हैं। हमें संदेह होने लगता है कि हमारे लिए निर्णय सही हैं या गलत। ऐसे समय में यह समझना बहुत आवश्यक है कि ये नकारात्मक विचार हमारे अपने नहीं, बल्कि दूसरों की विषैली सोच का परिणाम हैं। यदि हम इन बातों को अपने भीतर जगह दे दें, तो हमारा आत्मबल धीरे-धीरे टूटने लगता है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर कोई हमारी सोच, हमारे रास्ते या हमारे फैसलों को समझ नहीं सकता। कुछ लोग जान-बूझकर हमारी मानसिक शांति भंग करते हैं, ताकि हम अपने मार्ग से भटक जाएं। लेकिन ऐसे समय में खुद पर विश्वास बनाए रखना बहुत जरूरी है। हमें यह समझने की जरूरत है कि यदि हमारी नीयत साफ और मेहनत सच्ची है तो कोई भी नकारात्मकता हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकती। जरूरत है, बस मानसिक मजबूती, सकारात्मक संगत और एकाग्रता की। नकारात्मक लोगों से कैसे बचा जाए, कैसे खुद को इतना मजबूत बनाया जाए कि उनकी कोई बात हमारे मन को प्रभावित न कर सके। इन बातों का जानना आपके लिए जरूरी है ताकि आपका अत्मबल कमजोर न पड़े।



**स्वयं को परखें:** जब कोई आपको बार-बार गलत साबित करने की कोशिश करे, तो सबसे पहले यह जांचें कि क्या आप वाकई किसी गलत रास्ते पर हैं? अगर नहीं, तो खुद पर विश्वास रखें। आत्मविश्वास ही वह ढाल है, जो नकारात्मकता के हर वार को निष्फल कर देता है।

**सीमाएं तय करें:** ऐसे लोगों से संवाद करते समय अपनी सीमाएं तय करें। अधिक निकटता या व्यक्तिगत बातचीत से बचें। सीमाएं तय करना, न तो असभ्यता है और न ही दूरी बनाना, बल्कि यह एक जरूरी आत्म-संरक्षण है।

**प्रतिक्रिया देने से बचें:** हर बात का जवाब देना जरूरी नहीं होता। नकारात्मक लोग अकसर प्रतिक्रिया की तलाश में रहते हैं। चुप रहकर या मुस्कुराकर आगे बढ़ जाना कई बार सबसे सटीक उत्तर होता है।

**सकारात्मक लोगों के साथ रहें:** आप जिन लोगों के साथ रहती हैं, उनका असर आपके सोचने के तरीके पर भी होता है। सकारात्मक, प्रेरणादायक और सहयोगी लोगों के साथ रहने से आपका आत्मबल बना रहता है।

**अपने कार्य पर केंद्रित रहें:** जब कोई आपको गिराने की कोशिश करे, तब अपने काम में और भी अधिक मन लगाएं। आपका समर्पण ही ऐसे लोगों को मूक उत्तर दे सकता है।

**ध्यान-योग का सहारा लें:** नकारात्मकता से घिरे रहने पर मन अशांत हो जाता है। ऐसे में नियमित ध्यान और योग से मानसिक शांति मिलती है। यह न केवल तनाव को दूर करता है, बल्कि अंदर से मजबूती भी देता है।

**खुद को याद दिलाएं:** लोग क्या कहते हैं, उससे ज्यादा जरूरी यह है कि आप क्या कर रहे हैं? समय आने पर सच्चाई सामने आती है और मेहनत रंग लाती है।

वास्तु-सलाह
मधु सिंह

घर की सजावट में विंड चाइम्स का प्रयोग सदियों से होता रहा है। वास्तु शास्त्र में इसकी सजावट से घर में आने वाली पॉजिटिविटी के बारे में बताया गया है। लेकिन इसकी सजावट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

# घर में सुख-समृद्धि लाएं विंड चाइम्स



विंड चाइम्स, सिर्फ घर के भीतर की सजावट के लिए यूज होने वाला एक डेकोरेटिव आइटम ही नहीं है। इसे सजाने से घर के बरामदे या बागीचे की शोभा बढ़ती है। इनसे टकराकर जब हवा गुजरती है तो इनसे जो मधुर ध्वनियां निकलती हैं, उससे घर में नेगेटिव वाइब्स दूर होती हैं और हमारे आस-पास का वातावरण शांत-पॉजिटिव हो जाता है।

**घर में आती है सकारात्मकता:** हवा के झोंके विंड चाइम्स की झनकार को बाहरी तौर पर ही नहीं, हमारे मन में भी गुंजायमान करते हैं। ये हमारे भीतर भी संगीत लहरी निर्मित करती है। इससे हम खुद को प्रकृति के साथ ज्यादा जुड़ा महसूस करते हैं। वास्तु शास्त्र के मुताबिक विंड चाइम्स में बजने वाली ध्वनि का कंपन हमारे भीतर एक नई ऊर्जा का संचार करता है। यह हमारे जीवन में सौभाग्य, सुख, समृद्धि लाता है, नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है।


**सदियों पुरानी है परंपरा:** विंड चाइम्स का उपयोग मानव सभ्यता में हजारों सालों से होता आ रहा है। आध्यात्मिक तौर पर भी इसका काफी महत्व माना जाता रहा है। इसकी हर झनझनाहट को प्रकृति का संदेश माना जाता है। यही वजह है कि विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं में इसका खासा महत्व है। अपने घर और आस-पास के माहौल को शांत और सकारात्मक बनाने के लिए अपने गार्डन, बरामदे या घर के किसी भी हिस्से में आप विंड चाइम्स लगा सकती हैं। लेकिन उसे लगाने से पहले कुछ बातों पर गौर करना चाहिए।

**सही पीस का चुनाव करें:** जिस भी जगह के लिए आप विंड चाइम खरीदना चाह रही हैं, उस जगह के अनुरूप ही मिट्टी, कांच, लकड़ी, धातु या सिरेमिक की विंड चाइम ले सकती हैं। विंड चाइम्स, खोखली नली वाली ही खरीदनी चाहिए, इससे मधुर ध्वनि आती है। पीतल या स्टील की बनी विंड चाइम में रॉड की संख्या 6 से 7 होनी चाहिए। अगर बांस की बनी विंड चाइम हो तो इसमें रॉड की संख्या तीन-चार होती है। यह विंड चाइम ईको फ्रेंडली होती है। इससे घर में पॉजिटिव और नेचुरल वाइब्स आती हैं।

**सही आकार का चयन:** विंड चाइम्स कई आकार के होते हैं। विभिन्न ज्योमेट्रिकल डिजाइन आकार के अलावा सर्पिल, घंटियों के आकार का, गोलाकार, बेलनाकार में भी विंड चाइम्स मिलते हैं। आप अपनी पसंद की किसी भी रंग और डिजाइन का सेलेक्शन कर घर सजा सकती हैं।

**सही दिशा में लगाएं:** विंड चाइम्स को घर में सही दिशा में लगाने के पीछे भी वास्तु के नियम बताए गए हैं। जैस-धातु की बनी विंड चाइम पश्चिम या उत्तर-पश्चिम में लगानी चाहिए। लकड़ी से बनी विंड चाइम पूर्व या दक्षिण-पूर्व दिशा के लिए सही होती है। सिरेमिक की बनी विंड चाइम्स को दक्षिण-पश्चिम, उत्तर-पूर्व या घर के सेंटर में लगाना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार धातु के विंड चाइम को कभी पूर्व में और लकड़ी के विंड चाइम को दक्षिण-पश्चिम दिशा में नहीं लटकाना चाहिए।

**विंड चाइम का रंग-संख्या :** चीनी वास्तु शास्त्र फेंगशुई में अलग-अलग रंगों की विंड चाइम को अलग-अलग अर्थों और तत्वों से जोड़कर देखा जाता है। करियर में आगे बढ़ने के लिए येलो कलर के विंड चाइम्स को उत्तर-पश्चिम दिशा में लटकाना चाहिए। व्हाइट और सिल्वर कलर की विंड चाइम को पश्चिमी दिशा में लगाने से परिवार के सदस्यों के बीच प्यार बढ़ता है। गार्डेन में लगाने के लिए ग्रीन कलर के विंड चाइम्स का चयन करें। बच्चों के कमरे के लिए यलो कलर के मेटलिक विंड चाइम का चयन करें।




स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# तेज धूप से स्किन प्रोटेक्शन यूज करें होममेड सनस्क्रीन

सूरज की किरणों से त्वचा को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए आप चाहें तो घरेलू चीजों से ही नेचुरल सनस्क्रीन बना सकती हैं। हम आपको यहां बता रहे हैं कुछ सनस्क्रीन बनाने के तरीके।

**खीरा-गुलाब जल:** खीरे का इस्तेमाल आप सनस्क्रीन लोशन बनाने के लिए कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करें, फिर इसका पूरा रस निकाल लें। अब इसमें गुलाब जल मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। अब इस मिश्रण को आप सनस्क्रीन की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। ठंडी तासीर की वजह से यह लोशन आपको ठंडक का अहसास भी देगा।

**नारियल-जैतून तेल:** नारियल और जैतून तेल से बनी सनस्क्रीन त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होती है। इसे बनाने के लिए आधे कप नारियल तेल में ऑलिव ऑयल की 15 बूंदें डालें। अब इसमें 7 बूंद कैरट सीड ऑयल मिलाएं और इसे एक कांच की बोतल में भरकर रख दें। आप इसे लंबे समय तक सनस्क्रीन के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं।



**शिया बटर-बादाम तेल:** कांच के एक कटोरे में दो चम्मच बादाम का तेल, एक चम्मच शिया बटर, एक चम्मच कोको बटर, विटामिन के कैप्सूल, जिंक ऑक्साइड आधा चम्मच लें। सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाकर एक एयर टाइट कंटेनर में रख लें और बाहर जाने से 15-20 मिनट पहले इसे लगा लें।



**विटामिन ई-जिंक ऑक्साइड:** इस सनस्क्रीन को बनाने के लिए 1 चम्मच एलोवेरा जैल, 4-5 बूंद विटामिन ई का तेल, 1 चम्मच सूरजमुखी का तेल और 2-3 चम्मच जिंक ऑक्साइड को कांच के कटोरे में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को एयरटाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में रख दें। अपनी सुविधा के अनुसार धूप में जाने पर हर दो तीन घंटे के बाद इसे लगा सकती हैं। जिंक ऑक्साइड यू वी ए और यू वी बी दोनों किरणों को ब्लॉक करता है।

**एलोवेरा और शिया बटर:** 1 चम्मच एलोवेरा जैल, 1-2 चम्मच नारियल तेल, 3-4 चम्मच शिया बटर और 3-4 चम्मच जिंक ऑक्साइड को एक कटोरे में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को एक प्लास्टिक के डिब्बे में डालकर फ्रिज में रख लीजिए। धूप में जाने पर हर दो घंटे बाद नियमित रूप से उपयोग कीजिए।

मेडिकल एडवाइस
डॉ. अंशुल जिंदल
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
जिंदल अस्पताल, मेरठ

पीरियड्स साइकिल को लेकर अवेयरनेस के अभाव से कई बार महिलाओं को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे (28 मई) के अवसर पर आपके लिए जरूरी सलाह।

# हर महिला के लिए है जरूरी मेंस्ट्रुअल हाइजीन का रखें ध्यान

तकनीकी तौर पर समाज में बहुत विकास हुआ है लेकिन कुछ मामलों में अभी भी संकीर्ण सोच बनी हुई है। महिलाओं में होने वाली माहवारी यानी पीरियड्स को लेकर भी बहुत सी महिलाओं में जागरूकता का अभाव है। आंकड़ों के हिसाब से दुनिया भर में करोड़ों महिलाएं हर महीने पीरियड्स साइकिल से गुजरती हैं। लेकिन इनमें से तकरीबन 50 प्रतिशत महिलाओं को ही सेनिटरी पैड, टैंपून, मेंस्ट्रुअल कप, पीरियड्स पैंटी जैसे सुरक्षित मासिक धर्म उत्पाद मिल पाते हैं। अभी भी बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी हैं, जो अपने पीरियड्स के दौरान सफाई के लिए इस्तेमाल होने वाले कपड़ों से लेकर, अखबार, घास का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। कई टीनएजर लड़कियों को तो पीरियड्स के बारे में कोई जानकारी ही नहीं होती है।

**हो सकती हैं गंभीर बीमारियां:** पीरियड्स के दौरान सफाई का ध्यान ना रखने से महिलाएं फंगल इंफेक्शन, यूरीनरी ट्रैक इंफेक्शन और रिप्रोडक्टिव ट्रैक इंफेक्शन का शिकार बन सकती हैं। ये इंफेक्शन फैल कर न केवल लड़कियों को मां बनने के सुख से वंचित कर सकता है, उनको सर्वाइकल कैंसर होने का खतरा भी बढ़ जाता है।



**वेजाइनल इंफेक्शन:** पीरियड्स के दौरान गंदा कपड़ा या कोई और गंदी चीज के इस्तेमाल करने से प्राइवेट पार्ट्स साफ नहीं हो पाते। इससे वहां मौजूद अच्छे बैक्टीरिया की मात्रा कम होती है और कैंडिडा नामक यीस्ट की मात्रा बढ़ जाती है। इससे कैंडिडिआसिस नामक इंफेक्शन हो सकता है।

**सर्विक्स इंफेक्शन:** प्राइवेट पार्ट में गंदगी रहने से गर्भाशय के मुख पर इंफेक्शन हो जाता है। इससे बांझपन और कैंसर भी हो सकता है

**फैलोपियन ट्यूब इंफेक्शन:** फैलोपियन ट्यूब में अंडे और स्पर्म फर्टिलाइज होते हैं। पीरियड्स हाइजीन का ध्यान न रखने से इंफेक्शन यहां तक पहुंचने की संभावना रहती है, जिससे महिलाएं कंसीव नहीं कर पाती हैं।

**सर्वाइकल कैंसर:** पीरियड्स के दौरान प्राइवेट पार्ट्स की सफाई ठीक तरह से न होने से इस कैंसर के होने का खतरा बढ़ जाता है। देश में हर साल सर्वाइकल कैंसर के करीब डेढ़ लाख मामलों में कम उम्र की लड़कियों की भी अच्छी-खासी संख्या होती है।

**यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन:** माहवारी के दौरान उपयोग किया जाने वाला कपड़ा या पैड अगर देर तक गीला रहे, तो यूरिनरी ट्रैक में इंफेक्शन हो सकता है। औरतें काम की भागदौड़ या अन्य कारणों से, अकसर काफी देर तक यूरीन पास करना इग्नोर करती हैं। पीरियड्स के दौरान अगर समय पर यूरीन पास न करें और अपने प्राइवेट पार्ट्स स्वच्छ न रखें तो उन जगहों पर बैक्टीरिया पनप सकतें हैं। इनके कारण यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन भी हो सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान:** यहां बताई गई बीमारियों और इंफेक्शंस से बचाव के लिए कुछ यूजफुल टिप्स बता रहे हैं। ब्लीडिंग के दौरान सेनेटरी पैड को इस्तेमाल करते समय किसी भी तरह की हिचक न महसूस करें। पैड बदलने से पहले और बाद में हैंड वॉश करना न भूलें। कम से कम 4 से 5 घंटे में एक सेनेटरी पैड जरूर बदल लें। पीरियड्स का फ्लो ज्यादा है तो 2-3 घंटे या उससे पहले भी सेनेटरी पैड बदल लें। नए सेनेटरी नैपकिन लगाने से पहले वेजाइनल भाग को हमेशा साफ करें। पीरियड्स के बाद वेजाइना एरिया के आस-पास स्वच्छ पानी से धोएं।

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर अधेड़ को खुदकुशी करने से बचाया

**बहादुरगढ़।** आमजन की जागरूकता और पुलिस की प्रयासों के चलते रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति की जान बचा ली गई। व्यक्ति खुदकुशी की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने व्यक्ति को उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। घटना रविवार रात की है। जानकारी के अनुसार, रात करीब साढ़े 9 बजे रेलवे स्टेशन परिसर में एक व्यक्ति था। जीआरपी टीम मौके पर आमजन की मदद से अधेड़ व्यक्ति को संभाला। इस दौरान पूछताछ की तो व्यक्ति ने खुद को खरहर को बताया।

### दादरी तोए में छत से गिरा श्रमिक, मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दादरी तोए स्थित निजी कंपनी में कार्य कर रहे एक प्रवासी मजदूर की छत से नीचे गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रणजीत निवासी सहारनपुर यूपी के तौर पर की गई है। जानकारी अनुसार निजी कंपनी में शनिवार रात के समय भी काम चल रहा था। देर रात आई तेज आंधी और बरसात के बीच जब सभी मजदूर काम छोड़कर नीचे जाने लगे, इसी दौरान वह छत से नीचे गिर गया।

### बाइक चोरी के मामले में दो गिरफ्तार, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** सदर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी शुदा बाइक भी बरामद कर ली गई है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। आरोपियों की पहचान अभिषेक व दीपक निवासी कानोंदा के रूप में हुई है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई बाइक बरामद कर ली गई।

### बिजली मंत्री से मिलकर बताई समस्या

**बहादुरगढ़।** ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने बिजली मंत्री अनिल विज से उनके अंबाला कैंट स्थित निवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने निगम अधिकारियों की कार्यशैली की शिकायत की। उनके अनुसार बिजली से संबंधित आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निवारण नहीं हो रहा है। रात के समय बिजली कर्मचारियों का फोन बंद मिलता है। नागरिक परेशान होकर बार-बार शिकायत करते रहते हैं। उन्होंने अनिल विज से हालात सुधारने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर रोहित सैनी, हरीश सैनी, जीवन, धर्मबीर प्रधान, नीरज व कृष्ण मौजूद रहे।

### बिजली की शिकायतों की सुनवाई आज

**झज्जर।** मंगलवार को बिजली उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में सुबह 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन किया जाएगा। फोरम का आयोजन बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता ऑप्रेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना जाएगा।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि , तैयारियों में जुटा प्रशासन

# भगवान परशुराम जयंती पर 30 मई को पहरावर में होगा भव्य कार्यक्रम : मंत्री

सैनिकों व शहीदों को समर्पित रहेगा कार्यक्रम संस्था का 50 साल बाद शुरू होगा तीसरा नया परिसर, कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश



रोहतक। लघु सचिवालय के सभागार में तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते भगवान परशुराम समारोह के नोडल अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ।



रोहतक। गांव पहरावर में भगवान परशुराम जयंती पर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण के दौरान तैयारी के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश देते सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत 30 मई को गांव पहरावर में भगवान परशुराम जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डॉ अरविंद शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारी के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे, जबकि अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में केंद्र के अलावा विभिन्न राज्यों के मंत्री व बड़े नेता भी भाग लेंगे। तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने 15.5 एकड़ जमीन विद्या प्रचारिणी सभा को दी है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह है और कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर एक सकारात्मक संदेश जाएगा।

### संस्था के प्रदेश भर में 80 हजार से अधिक सदस्य

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गौड ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा का हरियाणा में गौरव का सम्मान है। संस्था के प्रदेश भर में 80 हजार से अधिक सदस्य हैं। पूर्वजों ने इस संस्था को सींचा है। उन्होंने कहा कि गांव पहरावर में संस्था का तीसरा परिसर आरंभ होने जा रहा है। इससे बच्चों का उज्जवल भविष्य होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की बदौलत गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा की लगभग 50 वर्षों के बाद एक नई संस्था का शुभारंभ होने जा रहा है। भगवान परशुराम जयंती समारोह राष्ट्रहित व राष्ट्रीय एकता को लेकर सर्वजात द्वारा मनाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने पार्किंग की व्यवस्था, प्रवेश व निकास, मीडिया गैलरी, मुख्य मंच के अलावा सांस्कृतिक मंच व विशिष्ट लोगों के लिए मंच आदि के बारे में दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर प्रशासन द्वारा कड़ी मेहनत की जा रही है।

### खास बातें

- केंद्र व अन्य राज्यों के बड़े नेता भी होंगे शामिल
- राज्य सरकार ने गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को दी 15 .5 एकड़ भूमि

डॉ. अरविंद शर्मा ने कार्यक्रम के शीर्षक का जिक्र करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम सैनिकों और शहीदों के सम्मान में, भगवान परशुराम की शान में, 36 बिरादरी के कल्याण में, ब्राह्मण है मैदान में, के तहत आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा कार्यक्रम देश के सैनिकों और शहीदों को समर्पित है। नगर निगम के आयुक्त आनंद कुमार शर्मा ने मंत्री डॉ अरविंद शर्मा को कार्यक्रम की तैयारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नगर निगम के आयुक्त एवं भगवान परशुराम समारोह के नोडल अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने इससे पहले लघु सचिवालय के सभागार में तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एक-एक करके अधिकारियों से तैयारियों के बारे में रिपोर्ट प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इसके उपरांत उन्होंने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण कर दिशा-निर्देश जारी किए।



## शालीनता ,ज्ञान ,त्याग एवं तपस्या की अद्भुत मिसाल है जैन मुनि : बत्रा

- रोहतक के कांग्रेस विधायक ने जनता कॉलोनी स्थानक में पधारे जैन संतों से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर से कांग्रेस के विधायक भारत भूषण बत्रा का कहना है जैन मुनि ज्ञान त्याग तपस्या एवं शालीनता के अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वह आरंभ से ही जैन मुनियों से प्रभावित है और शालीनता एवं सकारात्मक सोच उन्होंने जैन मुनियों से ही ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि जैन मुनियों का जीवन पर्यंत निरंतर पैदल चलना, कड़े व्रत ,अनुशासन का पालन करना, आसान नहीं है।

बत्रा सोमवार को जनता कॉलोनी स्थित जैन स्थानक में विराजित उप प्रवर्तक अभिषेक मुनि महाराज एवं आशीष मुनि महाराज के दर्शन करने पहुंचे थे। जैन स्थानक में पहुंचने पर जैन समाज की गणमान्य लोगों ने विधायक भारत भूषण बत्रा का अभिनंदन किया। इस मौके पर विधायक ने दोनों संतों से धर्म चर्चा की और आशीर्वाद प्राप्त किया।

बता दे कि जैन साधु अभिषेक मुनि महाराज और आशीष मुनि महाराज कई प्रदेशों का विचारण करते हुए इसी महीने की 22 तारीख को रोहतक पहुंचे हैं। दोनों संत 5 जून को होने वाली दीक्षा भगवती में शामिल होंगे। विधायक भारत भूषण बतरा ने दोनों संतों से मिलकर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों संतों का इस क्षेत्र में आना परम सौभाग्य है। इस अवसर पर स्थानीय वार्ड पार्षद विजय गोयल, कांग्रेस नेता योगेंद्र बॉस, प्रधान श्यामलाल, अजय कुमार जैन, मंत्री नरेश जैन, राम विकास खरेंटी, सुरेन्द्र कौशिक भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### एफएलएन प्रोग्राम की रूपरेखा तैयार

**झज्जर।** सोमवार को एफएलएन प्रशिक्षण को लेकर डीईईओ वीरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्राथमिक शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत योजना बनाई गई।

## आरक्षित वर्गों के लिए फ्लैट के आवेदक कार्यालय में जाकर रिकॉर्ड करवाए अपडेट : उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह

- आवेदन के उपरांत फ्लैट के पंजीकरण सरेंडर करने वाले या बोर्ड द्वारा रद्द की गई स्कीमों के आवेदकों की राशि की जाएगी वापिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा आवास बोर्ड द्वारा दादरी स्थित सेक्टर 8 में ईडब्ल्यूएस फ्लैट एवं दादरी में अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग जातियों के लिए आवेदन करने वाले ऐसे आवेदक, जिन्होंने आवेदन के उपरांत फ्लैट के पंजीकरण सरेंडर कर दिए है या स्कीमों को बोर्ड द्वारा रद्द कर दिया है, वे सभी स्थानीय विकास नगर स्थित कोठी नंबर 103 में हरियाणा आवास बोर्ड के संपदा प्रबंधक कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों सहित संपर्क करें। यह सभी आवेदक आवास बोर्ड हरियाणा के स्थानीय कार्यालय में अपना रिकॉर्ड अपडेट, दुरुस्त करवाए ताकि आवेदकों द्वारा जमा करवाई गई राशि आवेदकों के बैंक अकाउंट में भेजी जा सके।उन्होंने बताया कि निर्धारित दस्तावेजों में आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित कॉपी, पेन कार्ड की स्वयं सत्यापित कॉपी, पासबुक की स्वयं सत्यापित कॉपी, परिवार पहचान पत्र की स्वयं सत्यापित कॉपी, बैंक द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), आवेदक का पासपोर्ट आकार का फोटो व मोबाइल नंबर शामिल है। आवेदक यथाशीघ्र आवास बोर्ड हरियाणा के स्थानीय कार्यालय में पहुंचकर अपना रिकॉर्ड अपडेट करवाए ताकि जमा राशि वापिस आवेदकों के बैंक अकाउंट में भेजी जा सके।

## गांव सांघी में लगाया निःशुल्क फिजियोथैरेपी कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। आयोजित कैंप में मरीज की जांच करते डॉक्टर। *फोटो : हरिभूमि*

मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर सांघी गांव में फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने आकर अपने जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। इस कैंप के अंदर डॉक्टर अरमान के द्वारा मरीजों की जांच की गई। जिसके बाद जिन मरीजों को उपचार की जरूरत थी, उनका उपचार किया गया।

संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप का आयोजन हर सप्ताह सांघी गांव के बस अड्डे के नजदीक किया जाता है। जिसका मकसद है कि गांव के जो भी बुजुर्ग लोग हैं उन्हें उपचार के लिए गांव से बाहर ना जाना पड़े। क्योंकि गांव के लोगों को शहर में आने जाने में काफी समय खराब हो जाता है। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि रोहतक जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन की तरफ से इस कैंप का संचालन किया जाता है। क्योंकि राजेश जैन हमेशा समाज के हित में सोचते रहते हैं। ऐसे में जब उन्होंने देखा कि गांव के अंदर कोई भी फिजियोथैरेपी सेंटर नहीं है, तो संस्था की मदद से उन्होंने गांव में फिजियोथैरेपी सेंटर खोला। जिससे गांव के लोगों को अब इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस कैंप के अंदर मरीजों की जांच डॉक्टर अरमान के द्वारा की जाती है। जो कि समाज के हित को देखते हुए पिछले एक साल से कैंप में अपनी फ्री सेवाएं दे रहे हैं। बतौर डॉक्टर वो हमेशा कैंप में आने वाले मरीजों के दर्द को समझते हैं और हर मरीज का कम से कम खर्च में इलाज करने की कोशिश करते हैं। इस कैंप के अंदर बतौर कंसल्टेंट डॉक्टर ज्योती भी मौजूद रहती हैं।

## 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां में जुटे आयोजक

- 21 जून को आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के सफल आयोजन के लिए तैयारियां की जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि इन तैयारियों के तहत 28 मई से 30 मई 2025 तक जिला के सभी स्कूलों में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकों, आयुष प्रशिक्षकों, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षकों, पी.टी.आई., खेल विभाग के योगा ट्रैनर्स व पुलिस विभाग के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला एवं ब्लाक स्तर के सभी स्कूलों में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन प्रातः 6 से 7:30 बजे तक किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए आयुष विभाग की ओर से सोमवार को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गए। राजीव गांधी स्टेडियम में सोमवार को आयोजित जिला स्तर के योग प्रशिक्षण शिविर में आयुष विभाग के चिकित्सकों, फार्मासिस्ट, योग प्रशिक्षक एवं सहायकों ने भाग लिया। प्रशिक्षक द्वारा इस अवसर पर योग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन बारे में चर्चा की गई।



रोहतक। विद्यार्थी यश कुमार को विजेता घोषित करते आयोजक।

## श्री ज्योति प्रकाश स्कूल ने लंका में रजत जीता

- विद्यार्थी यश कुमार ने श्री लंका के कोलंबो में आयोजित एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीत कर देश का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दुर्गा कॉलोनी स्थित श्री ज्योति प्रकाश सीनियर सेकेंड्री स्कूल ने विदेशों में भी फहराया जीता झंडा। विद्यार्थी यश कुमार ने श्री लंका के कोलंबो में आयोजित एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीत कर देश का नाम रोशन किया। यह एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 10 से 24 मई तक आयोजित की गई। इसमें 28 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

यश कुमार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में दो बार गोल्ड मेडलिस्ट रहे हैं। तथा खेलों इंडिया टेलेंट हंट में एक बार स्वर्ण पदक विजेता रहे। विद्यालय के अध्यक्ष राजीव मलिक ने सोमवार को यश इनको विद्यालय प्रागंण में पदक पहनाकर सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में करावई मरीजों ने जांच

# बार एसोसिएशन में लगाया फ्री-मेडिकल कैंप

- कैंप में निजी हॉस्पिटल से तीन अलग-अलग विशेषज्ञों की टीम रोहतक के बार के हाल में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। शिविर में डॉक्टर से जानकारी लेते बार एसोसिएशन के सदस्य।



रोहतक। शिविर में डॉक्टर को स्मृति चिन्ह देते जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा, उप प्रधान अजय, महासचिव राज करण पंघाल व को-ऑर्डिनेटर डॉ. दीपक भारद्वाज । *फोटो : हरिभूमि*

जिला बार एसोसिएशन में सोमवार को फ्री-मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। बार एसोसिएशन की ओर से कैंप के को-ऑर्डिनेटर डॉ. दीपक भारद्वाज ने बताया कि एक निजी हॉस्पिटल से तीन अलग-अलग विशेषज्ञों की टीम रोहतक के बार के हाल में पहुंची। जिसमें उन्होंने वकीलों, उनके परिवार के सदस्यों, क्लर्क स्टाफ, कोर्ट स्टाफ ने अपने शारीरिक जांच व उपस्थित डॉक्टर को चेकअप करवा के कैंप का लाभ उठाया। उन्होंने यह भी बताया कि इस कैंप की शुरुआत बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा, उप प्रधान ओहल्याण, महासचिव राज करण पंघाल, सह सचिव डिंपल, लाइब्रेरी इंचार्ज अनिल कुमार व बार के वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा डॉक्टरों का व नर्सिंग और सपोर्टिंग स्टाफ का स्वागत करके किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक हुड्डा ने बताया कि इस तरह के कैंप का आयोजन करना हमारे वकील साथियों के रोजमर्रा के जीवन में बढ़ते हुए काम के दबाव के बीच में करवाना अत्यंत आवश्यक था, वकील साथियों ने बढ़-चढ़कर कैंप में अपनी शारीरिक जांच करवाई। इस मौके पर प्रधान दीपक हुड्डा, उप प्रधान अजय, महासचिव राज करण पंघाल, सचिव डिंपल, लाइब्रेरी इंचार्ज अनिल कुमार, कैंप के को-ऑर्डिनेटर डॉ. दीपक भारद्वाज एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



बरसात के बीच गुजरते वाहन।

### बरसात ने दी गर्मी से आंशिक राहत

**बहादुरगढ़।** सोमवार सुबह हुई हल्की बरसात से लोगों को उमस भरी गर्मी से आंशिक राहत मिली। भीषण गर्मी और उमस झेल रहे लोगों ने पहले बुधवार को आए तूफान और फिर शनिवार को आई आंधी के बाद राहत की सांस ली थी। सोमवार सुबह हुई बारिश से मौसम सुहाना रहा। हालांकि शहर से ज्यादा बरसात ग्रामीण इलाकों में हुई। सुबह आसमान में बादल छाने लगे। आसमान में काली घटा देखकर लोगों में बारिश की उम्मीद जगी। थोड़ी देर में बरसात शुरु हो गई हालांकि कुछ समय बाद बरसात थम गई और लोग सुहाने मौसम का आनंद लेने लगे। लेकिन दोपहर में तेज धूप ने उमस और गर्मी का अहसास करवाया।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**खबर संक्षेप**

### बनियानी में अंबेडकर पुस्तकालय का उद्घाटन

**रोहतक।** गांव बनियानी में डॉ. भीमराव आंबेडकर पुस्तकालय का विधिवत उद्घाटन समारोह बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर सत्यवान बरोदा (सेवानिवृत्त, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जगमिंदर ने शिरकत की।
प्रो. सत्यवान बरोदा ने बच्चों को संबोधित करते हुए डॉ. आंबेडकर के जीवन संघर्ष और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण की प्रेरणादायक बातें साझा कीं। कहा कि बाबासाहेब न केवल एक वर्ग के बल्कि पूरे समाज के प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने देश को एक सूत्र में पिरोया और श्रमिकों के हितों के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने बच्चों से अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की और पुस्तकालय के विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। गांव के सरपंच महिपाल, प्रो. सत्यवान बरोदा और डॉ. जगमिंदर ने रिबन काटकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया। मौके पर बलवान, राम भगत, रामबीर, हुक्म, जोगेंद्र, राम जीवन, महा सिंह, रवींद्र कालरा, गुलशन पांडे, अक्षय, सूबा, गुलशन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

### रेलवे स्टेशन पर बनेगा 30 स्टेशनों का सीसीटीवी नियंत्रण केंद्र

# हर रेलवे स्टेशन पर लगाए जाएंगे 6-6 कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने 30 स्टेशनों के लिए एक केंद्रीय सीसीटीवी नियंत्रण केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है। इस केंद्र से सभी स्टेशनों की निगरानी की जाएगी। प्रत्येक स्टेशन पर कुल छह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर और प्रवेश निकास द्वारों की चौबीसों घंटे निगरानी संभव होगी। इससे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त किया जा सकेगा और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सकेगी।

18वीं शताब्दी में तैयार रेलवे स्टेशन आज जंक्शन बना हुआ है। यहां गोहाना, जीद, रेवाड़ी, भिवानी, दिल्ली की ओर गाड़ियों का आवागमन होता है। प्रतिदिन 40 हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन होता है। 80 से ज्यादा पैसेंजर, एक्सप्रेस व मालगाड़ियां यहां से गुजरती हैं।

परिवहन की दृष्टि से यह रेलवे स्टेशन बेहद महत्वपूर्ण स्टेशन है, क्योंकि पीजीआईएमएस व कई शैक्षणिक संस्थान होने के चलते काफी संख्या में मरीजों तथा विद्यार्थियों का भी आवागमन होता है। बहुत बार ट्रेन देरी से आने के कारण विद्यार्थी व अन्य लोग वेटिंग हॉल में इंतजार के लिए बैठ जाते है। इसलिए यहां सीसीटीवी को होना बेहद जरूरी है।



**रोहतक।** रेलवे स्टेशन का फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि

### आरपीएफ को सौंपी जा सकती है सीसीटीवी नियंत्रण की जिम्मेदारी

सूत्रों के अनुसार, रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ को इस सीसीटीवी नियंत्रण केंद्र की जिम्मेवारी सौंपी जा सकती है। इससे निगरानी की प्रक्रिया अधिक पेशेवर और त्वरित कार्रवाई योग्य हो सकेगी। हालांकि इसका अभी तक कोई पत्र जारी नहीं किया गया है की यह किसके नियंत्रण में सौंपी जाएगी। लेकिन उच्च अधिकारियों के मुताबिक यह जिम्मेवारी आरपीएफ को ही मिल सकती है।

### उच्च अधिकारियों को भेजा प्रस्ताव

*रेलवे द्वारा कैमरे लगाने की योजना के तहत प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही कैमरे लगाने का कार्य चरणबद्ध तरीके से शुरू कर दिया जाएगा। रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने 30 स्टेशनों के लिए एक केंद्रीय सीसीटीवी नियंत्रण केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है। इस केंद्र से सभी स्टेशनों की निगरानी की जाएगी।*

### रेलवे स्टेशन के नए भवन का निर्माण जारी

*जंक्शन का नवीनीकरण करीब 29.50 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। जंक्शन का नया भवन शानदार और बहुत सी सुविधाओं से लैस होगा। शुरुआत में नए भवन के निर्माण को लेकर फाउंडेशन का कार्य पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने का कार्य भी चल रहा है, जो कि अभी कई दिनों तक चलेगा। मलबा भी साथ में हटाया जा रहा है। यह कार्य केंद्र सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है।*

*फिलहाल नए भवन का निर्माण कार्य भी जारी है। इस तरह का प्रस्ताव अधिकारियों ने मुख्यालय में भेजा होगा। हालांकि अभी इस तरह की कोई जानकारी है नहीं। सीसीटीवी का प्रस्ताव अगर मुख्यालय आया है तो वहां पर सीसीटीवी लगवाने का कार्य जल्द शुरू होगा। ताकि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सकें। इससे किसी भी घटना को सुलझाने में काफी मदद मिलेगी।*
*-रविंद्र राणा, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, रेलवे*




### विकल्प स्कूल के रितेश ने जीता गोल्ड मेडल

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक स्कूल के लिए सोमवार विशेष दिन रहा। दरअसल कक्षा दसवीं के विद्यार्थी रितेश ने 23 से 25 मई को आयोजित हुए दूसरी कैडेट एंड जूनियर स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपने अभिभावकों और अपने स्कूल का नाम रोशन किया। रितेश ने अंडर-14 आयु वर्ग से अंडर 49 वेट कैटेगरी में हिस्सा लिया था। यह चैंपियनशिप रतिया के फतेहाबाद में आयोजित की गई थी। इस खास अवसर पर प्रातः कालीन विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस में स्कूल प्राचार्य किरण पाहवा, कोऑर्डिनेटर मंजू, पीटीई प्रशांत और अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा रितेश को सम्मानित व अभिप्रेरित किया गया। अंत में सभी अध्यापकों व बच्चों ने रितेश को इस अपार सफलता की शुभकामनाएं दी व उसके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।



### बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल ने छात्रों को किया सम्मानित

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल में सोमवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सैनिक स्कूल के बच्चों ने अजय के निर्देशन में शानदार परेड निकाली। ड्रिल और ट्रेडमार्क का प्रदर्शन किया गया। बच्चों ने अपने अनुशासन और सैन्य कौशल का भी प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन बच्चों में अनुशासन और सैन्य कौशल को बढ़ावा मिला। छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करके उनका मान बढ़ाया। स्कूल के डायरेक्टर कृष्ण कुमार मलिक और प्रिंसिपल रेनू वर्मा ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में हेड बॉय पीयूष, हेड गर्ल अंशिका, डिसिप्लिन हेड अरमान, मैस इंचार्ज सुमित को बनाया गया। डायरेक्टर ने अपने संबोधन में छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल ने भी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## पठानिया पब्लिक स्कूल ने पुस्तक विमोचन और जीएसटी पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक




सोमवार को पठानिया पब्लिक स्कूल में पुस्तक विमोचन और जीएसटी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मधुकांत की पुस्तकों के लोकार्पण के अवसर पर असिस्टेंट कमीश्नर, कस्टम एडं एम्साइज डिपार्टमेंट राजेश कपूर , डॉ. मधुकांत, प्रो. शामलाल कौशल, आशा खत्री, डॉ. आर्यन गर्ग, ब्रजबाला गुप्ता, संदीप, प्रो. कृष्णलाल गिरधर, कमलेश, हंस राज व एसेके पपनेजा की गारिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जीएसटी से संबंधित विषयों पर निबंध, पोस्टर और स्लोगन बनाए। सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को राजेश कपूर द्वारा स्मृति चिह्न व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही डॉ. मधु कांत वरिष्ठ साहित्यकार व समाजसेवियों की 11 पुस्तकों का विमोचन व लोकार्पण किया गया।

इस अवसर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, कविता पाठ, भाषण और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। नुक्कड़ नाटक का प्रमुख विषय जीएसटी रहा, जिसकी मुख्यातिथि ने विशेष रूप से सराहना की।

कार्यक्रम का मंच संचालन रेशमा मल्होत्रा के दिशा निर्देशन में मन्नत लाठर और तान्या और ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को और भी आकर्षक बनाया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक अुंशल पठानिया, को-फाउण्डर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या प्रीति ढांडा व स्कूल एक्टीविटी समन्वयक नीतू सेठी व समन्वयक कनिका मग्गू उपस्थित रहीं।

### बेमौसमी बारिश से भट्टा मालिकों को नुकसानः नारंग

**रोहतक।** जिला भट्टा एसोसिएशन के प्रधान अखिल नारंग ने बताया की पिछले कुछ दिनों से हो रही बेमौसमी भारी बरसात से कच्ची ईंटे खराब हो रही है। बरसात ने भट्टा उद्योग को संकट में डाल दिया है। हर भट्टा मालिक को लगभग 15 से 20 लाख रुपये नुकसान हुआ है। एनसीईआर में पहले से भट्टों को चलाने का समय एनजीटी कोर्ट द्वारा 1 मार्च से 30 जून तक तय है। लेकिन मई के पूरे महीने में बरसात होने के कारण किसी भी भट्टे पर कच्ची ईंट नहीं हैं। जिससे जिले के सभी भट्टे बंद होने के कगार में पर खड़े हैं। बरसात के कारण सभी भट्टों पर ईंटों की प्रोडक्शन बहुत कम हो गई हैं। जिसका सीधा असर ईंटों के कीमतों पर पड़ेगा। ईंटों की क़ीमत 500 से 1000 रुपये प्रति हज़ार बढ़ जाएंगी, ऐसा कहना प्रधान नारंग का है।



## सोलर पावर प्लांट लगवाने पर मिलेगा 75 प्रतिशत अनुदान

**रोहतक।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हरेडा के माध्यम से हरियाणा सरकार द्वारा सौर उर्जा को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित व पिछड़ा वर्ग की पंजीकृत धर्मशाला में 5 किलोवाट तक रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगवाने पर 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इस स्कीम का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को 25 प्रतिशत हिस्सा ही विभाग को देना होगा तथा 75 प्रतिशत हिस्से की अदायगी राज्य सरकार द्वारा की जाऐगी। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि स्कीम का लाभ पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए स्थानीय जिला विकास भवन के कमरा नंबर 114-115 स्थित नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के जिला परियोजना अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है। एडीसी ने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक सस्थानों व विभागों/बोर्डों/निगमों द्वारा संचालित कामकाजी महिला छात्रावास, अनाथालय, मूक-बधिर केन्द्र, क्रेच, वृद्धाश्रम, बाल गृह, नारी निकेतन, बाल निकेतन, छात्रावास इत्यादि पर 50 किलोवाट तक क्षमता वाले ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट पर अनुदान दिया जाता है। प्लांट या स्वीकृत लोड जो भी कम हो (बैटरी बैंक के बिना) या 10 किलोवाट तक क्षमता वाले ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट या स्वीकृत लोड जो भी कम हो (बैटरी बैंक के बिना) के लगवाने पर 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। अनुदान पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मिलेगा।




**महम।** भैणीसुरजन गांव के सरकारी स्कूल का नवनिर्मित गेट। फोटो : हरिभूमि

### बेटे की याद में पिता ने बनवाया सरकारी स्कूल का गेट, बालिका ने किया उद्घाटन

**महम।** भैणी सुरजन गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को हवन यज्ञ कर गेट का उद्घाटन किया गया। गांव वासी गुलाब सिंह सिवाच ने दिवंगत बेटे राजदीप सिवाच की याद में सरकारी स्कूल का गेट बनवाया है। जिसका उद्घाटन उसकी पोती कोहिना ने किया। गुलाब सिंह ने अपने दादा को समर्पित करते हुए गेट का नाम सोहनलाल द्वार रखा है। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि एम 3 एम फाउंडेशन से डॉ ऐश्वर्या महाजन ने शिरकत की। डॉ महाजन ने कहा फाउंडेशन की तरफ से स्कूल के 11 कमरों की मरम्मत करवाने के लिए वे 75 प्रतिशत राशि लगा देंगे और 25 प्रतिशत राशि का गांव अपनी तरफ से सहयोग कर दे। स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम बनाया जाएगा तथा गांव जो भी सहयोग उनसे चाहेगा गांव के लिए फाउंडेशन हमेशा तैयार रहेगी। सरपंच प्रतिनिधि अमित सिवाच ने स्कूल सहित गांव में लाइब्रेरी की मांग भी रखी। कार्यक्रम का संचालन रिटायर्ड प्रिंसिपल शमशेर सिंह ने किया। इस मौके पर शिक्षा विभाग से क्लस्टर हैड डॉ. वीना, डॉ. सुषमा, मुकेश अहलावत, महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर ममता, गुलाब सिंह, रमेश, कपिल, धर्मबीर, बिशम्बर शर्मा, कृष्ण, जगपाल सिंह, किताब सिंह, अजमेर सिंह, नरेंद्र, आजाद, मुकेश सिवाच, सूबेदार करतार सिंह, राजबीर, प्रकाश, सोरन आदि मौजूद रहे।


**महम।** नवनिर्मित गेट का उद्घाटन करती बालिका। फोटो : हरिभूमि

### सही राम स्कूल में अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर हुई विद्यार्थी संगोष्ठी

**महम।** अहिल्याबाई होल्कर की जीवन पर सही राम स्कूल में एक विद्यार्थी संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में बच्चों ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल करने का मौका मिला। वक्ताओं ने बच्चों को बताया कि अहिल्याबाई होल्कर को न्याय, धर्म और लोक कल्याण के लिए जाना जाता है। वह एक बहादुर और कुशल शासिका थी। उन्होंने अपने राज्य को संगठित किया था। अपनी कुशल नीतियों से उन्होंने राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूत किया। वक्ताओं ने बच्चों से अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। इस मौके पर उषा शर्मा, प्रवीन खत्री, बसंत लाल गिरधर, अमित जांगड़ा, अमित ठाकुर, सतीश चौधरी, प्रदीप भारद्वाज, शीला दुहन, वीना रल्हन, यशपाल सिंह, नरेश सेन, अमन तंवर, रणधीर, संजू, रविंद्र चौहान, मुकेश शर्मा वीरेंद्र बामल समेत कई भाजपा कार्यकर्ता व स्कूल शिक्षक मौजूद थे।

## मां अहिल्या के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लें छात्रः प्रतिभा सुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

सैनी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को देवी अहिल्या हॉल्कर के 300 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में संगोठी का आयोजन किया गया।

- देवी अहिल्या हॉल्कर के 300 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में संगोठी का आयोजन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला आयोग हरियाणा की पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड 8 की निगम पार्षद अंजू सैनी ने की। अंजू सैनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मां अहिल्या बाई मात्र 29 वर्ष की आयु में विधवा हो गई थी। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने राज्य की रक्षा और प्रजा की भलाई का संघर्ष जारी रखा। उनका एक ही आदर्श वाक्य था कि ईश्वर के आशीर्वाद से प्रजा को सुखी रखना मेरा काम है। इसी मंत्र का अनुसरण करते हुए उन्होंने महिला शिक्षा, पंचायती राज व्यवस्था, विधवा पुनर्विवाह आदि सामाजिक व्यवस्था को चालू कर महिला सशक्तिकरण को बढ़वा दिया।

पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए जगह जगह पोधारोपण, तालाब, बावड़ी व कुओं का निर्माण करवाया। उन्ही की जनकल्याण की नीतियों के अनुरूप वर्तमान में हरियाणा व भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं।

पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन ने छात्रों का आह्वान किया कि वे मां अहिल्या बाई को सिद्धांतों को अपना कर समाज में कुछ नया करने की सोच रखें। केवल अपना व परिवार का पेट भरने तक सीमित न रह कर राष्ट्रीय व समाज हित में अपना अमूल्य योगदान दें। भारत सरकार व हरियाणा सरकार की महिला सशक्तिकरण की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, इस दिशा में प्रचार प्रसार करें। देवी अहिल्या बाई द्वारा किए गए समाज हित के कार्यों को अपनाकर स्वयं भी धरती मां की रक्षा करें। कार्यक्रम के संयोजक सतबीर सैनी ने कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सैनी शिक्षण समिति का आभार व्यक्त किया और आह्वान किया कि अहिल्या बाई के युद्ध कौशल, अनुशासन व प्रभु में विश्वास रख समाज कल्याण कि कार्य करते रहना चाहिए। इस अवसर पर सतीश चौधरी, बुद्धराम सैनी, प्रदीप सैनी, विजय आर्य, दीपक सैनी, रविंद्र सैनी, आरपी सैनी, राहुल सैनी, मोहित सैनी, प्रधानाचार्य नीलम सैनी, स्कूल के अध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते वार्ड 8 की निगम पार्षद अंजू सैनी। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20


**रोहतक।** शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते संत बाबा सूखा शाह।

### रक्तदान शिविर में 35 रक्तदाताओं ने की जीवनदायिनी सेवा

**रोहतक।** अंबेडकर चौक स्थित देश भक्ति स्मारक स्थल पर राष्ट्र देवो भव मिशन की ओर से सोमवार को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन प्रसिद्ध समाजसेवी दीपक पुनियानी (उप प्रधान, किला रोड) के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रवि रंगा एवं विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस सचिव शाम सुंदर उपस्थित रहे। पीजीआई ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में भागीदारी निभाई। संत बाबा सूखा शाह ने बताया कि सौरव ने 14वीं बार और विपिन ने 20वीं बार रक्तदान कर समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। सभी रक्तदाताओं को दीपक पुनियानी एवं संत बाबा सूखा शाह द्वारा बैज व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। दीपक पुनियानी ने युवाओं से अपील की कि वे आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करें, जिससे जरूरतमंदों की जान बचाई जा सके। इस कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से समाजसेवी श्वेता, जगदीश मालिक, शाम मिनोचा, अंकुर नागपाल, राजेश चोपड़ा, शुभम मनचंदा, डॉ. लतेश, डॉ. तिलक भूतियानी एवं शुभम शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# बोहर की विधवा प्रेमवती ने उनके प्लॉट में निर्माण रुकवाने की मांग प्रशासन से की

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

गांव बोहर की प्रेमवती पत्नी राजबीर सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उनकी रामगोपाल कॉलोनी स्थित 439 वर्गगज में से 335 पर उनके देवर का लड़का अवैध निर्माण करवा रहा है। निर्माण कार्य रुकवाने के लिए डीसी, एसपी समेत सभी प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगा चुकी हैं। लेकिन किसी भी अधिकारी ने अच्छी तरह से मेरी बात नहीं सुनी। प्रेमवती का कहना है कि उनके पति की मौत काफी साल पहले हो चुकी है। अब उनके देवर का लड़का मेरे प्लॉट पर अवैध कब्जा करके उस पर निर्माण कर रहा है। जमीन की पैमाइश तहसीलदार रोहतक द्वारा की जा चुकी है। बावजूद इसके उन्होंने निर्माण बंद नहीं किया।

प्रेमवती ने बताया कि वर्ष 1983 में मेरे पति राजबीर सिंह, उनके भाई राजसिंह और धर्मबीर, बहन कमलादेवी ने 816 वर्गगज जमीन खरीदी थी। इसमें सभी खरीदार बराबार के हिस्सेदार थे। मैंने जमीन के हिस्सेदार राजसिंह और मेरी ननंद कमलादेवी से 235 वर्ग जमीन खरीदी। इस हिसाब से मेरे पास अब 439 वर्गगज जमीन है। इस 439 वर्गगज में से मेरे देवर का लड़का 335 वर्गगज में निर्माण करवा रहा है, ये आरोप प्रेमवती का है। इन्होंने बताया कि अगर 439 में से 335 वर्गगज में मेरे देवर का लड़का निर्माण कार्य कर लेगा तो मेरे हिस्से में 104 वर्गगज ही शेष बचेंगे।



- न्याय के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर काटकर थक गई हैं जेल विभाग से सेवानिवृत प्रेमवती

प्रेमवती का कहना है कि मेरे पास रजिस्ट्री 439 वर्गगज की है। प्रेमवती का कहना है कि जिला प्रशासन के अधिकारी मेरे साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में कुछ भी कर सकती हूं। इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। क्योंकि अधिकारियों के यहां काफी दिन से चक्कर काटकर थक चूकी हूं। अफसर एक से दूसरे, दूसरे से तीसरे अधिकारी के कार्यालय भेज देते हैं। ऐसे में मुझे विधवा के पास कोई अप्रिय कदम उठाने उठाने के अलावा कोई चारा शेष नहीं बचा है। प्रेमवती का कहना है कि मेरे साथ हो रहे अन्याय की जानकारी सीएम नायब सिंह सैनी से करूंगी। मुख्यमंत्री ही संवेदनहीन अफसरों के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं। इन्होंने बताया कि वह जेल विभाग से सेवानिवृत्त हैं और पुलिस भी उनकी मदद नहीं कर रही। इससे बड़ा अन्याय मेरे साथ और क्या हो सकता है, ये प्रेमवती ने कहा है।